# HISAR METAL INDUSTRIES LIMITED

Regd. Off & Works: Near Industrial Development Colony, Hisar-125005 (HRY)
Phone: 01662-220067,220367,220738 Fax 01662-220265
Email :info@hisarmetal.com, Web www.hisarmetal.com
CIN No: L74899HR1990PLC030937

February 03, 2020

Corporate Relationship Department
Bombay Stock Exchange
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street
Mumbai - 400 001
**Scrip Code: 590018**
**(Category: Permitted for Trade)**

Corporate Listing Department
National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, 5th Floor
Plot No. C-1, G Block
Bandra Kurla Complex, Bandra East
Mumbai – 400051
**Scrip Code: HISARMETAL**

**Sub: Newspaper Publication for Board Meeting to consider and approve unaudited financial results for the quarter ended on December 31, 2019**

Dear Sir / Madam

Pursuant to our letter dated 31/01/2020 regarding meeting of board of Directors of the company to be held on Tuesday, February 11 2020 to consider and take on record inter alia the unaudited Financial Results of the company for the quarter ended 31st December, 2019 we hereby enclose copies of the notice published in "The Financial Express" ( English-Newspaper ) and "Jansatta" ( Hindi-Newspaper ) on 01/02/2020.

This is for your kind information and records.

Thanking You,

Yours faithfully,
For **Hisar Metal Industries Limited**

HISAR METAL IND. LTD. HISAR

(Vishesh Kumar Chugh)
**GM(Finance) & Company Secretary**

# शिमला में आठ साल, कल्पा में 30 साल बाद जनवरी में टूटा बर्फबारी का रेकार्ड

## वर्ष 2008 के जनवरी महीने में पड़ी थी 182 सेंमी बर्फ

शिमला, 31 जनवरी (जनसत्ता)।

प्रदेश की राजधानी शिमला में इस साल जनवरी में पिछले आठ सालों में सबसे अधिक बर्फबारी दर्ज की गई है। मौसम विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक राजधानी शिमला में जनवरी महीने में 89.4 सेंमी बर्फबारी हुई है। इससे पहले जनवरी 1993 में 109.4, 2004 में 96.6 और 2012 में 95 सेंटीमीटर बर्फबारी दर्ज की गई थी। लाहुल स्पीति के कल्पा में पिछले 30 सालों में जनवरी महीने में दूसरी बार सबसे ज्यादा 168.4 सेंटीमीटर बर्फबारी दर्ज हुई है। इससे पहले कल्पा में जनवरी महीने में 2008 में 182 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई थी जबकि 1994 में 164.0 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई थी।

राज्य में जनवरी महीने में सामान्य से 46 फीसदी ज्यादा बारिश हुई है। आंकड़ों के मुताबिक इस बार प्रदेश में 124.3 मिलीमीटर बारिश हुई है। यह 2004 के बाद दूसरी बार है जो जनवरी में इतनी ज्यादा बारिश हुई है। 2017 में 157.6 मिलीमीटर बारिश हुई थी जो सामान्य से 64 फीसदी ज्यादा है। विभाग के मुताबिक 12 जिलों में सें दस जिलों में सामान्य से 19 फीसद ज्यादा बारिश हुई है जबकि लाहुल स्पीति में जनवरी महीने में 29 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है।

केलंग में इस बार कुल 32.8 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई है। जो सामान्य से भी कम है। लेकिन इस बार केलंग का न्यूनतम तापमान लंबी अवधि के लिए लगातार लुढ़कता रहा है। इस महीने कुल्लू जिले के कोठी मं सबसे ज्यादा 171.5 सेंटीमीटर बर्फबारी दर्ज की गई है। जबकि चंबा के भरमौर में 69.3 सेंटीमीटर दर्ज हुई है। यही नहीं इस बार सोलन और कंडाघाट में भी बर्फबारी हुई है हालांकि यह तीन सेंटीमीटर ही दर्ज हुई है।

राजधानी समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में आज धूप चमकी लेकिन दोपहर के बाद आसमान पर बादल छाने लगी व बर्फ से लकदक पहाड़ियों से आने वाली ठंडी हवाओं ने सर्दी से राहत नहीं मिलने दी। हालांकि राजधानी का पारा चार डिग्री उछला है। राजधानी का अधिकतम पारा उछल कर बीते रोज के 7.8 डिग्री से बढ़ कर 11.8 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आगले 24 घंटों में प्रदेश में मौसम साफ रहने की संभावना जताई है।

### न्यूतनम तापमान रहा कम

प्रदेश में जनवरी में न्यूनतम तापमान लागतार सामान्य से कहीं कम रहा है। शीतलहर का कहर जारी है। पिछले तीन दिनों से धूप खिलने के बावजूद शीतलहर का कहर कम होने का नाम नहीं ले रहा है।



मनाली में स्की ढलान पर सैलानी बर्फ में मस्ती करते हुए। फोटो : आकिल खान

# जेएनयू में गोलीबारी के लिए भाजपा दोषी, कांग्रेस का आरोप

शिमला, 31 जनवरी (जनसत्ता)।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौर ने जामिया विश्वविद्यालय के छात्रों पर गोली चलाने की घटना को अति गंभीर बताते हुए इसके लिये भाजपा को दोषी ठहराया है।

उन्होंने कहा है कि दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा के नेता लोगों को भड़का कर देश की एकता और अंखडता को तोड़ने में लगे है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि गोलीबारी की इस घटना के लिए दोषी नेताओं, जिन्होंने गोली मारने के लिए उकसाया हैं, उनपर भी देशद्रोह के तहत मामला दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

हमीरपुर से भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर का नाम लिए बगैर राठौर ने कहा है कि एक मंत्री जो चुनाव प्रचार की जनसभा में गोली मारने के नारे का उदघोष करवाता हो वह देश के कानून और देश के लिए खतरा साबित हो सकता है। ऐसे नेताओं को उनके पद से तुरंत बर्खास्त कर उन्हें जेल में डाल दिया जाना चाहिए।

उन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा के चुनाव प्रचार पर सरकारी तंत्र के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा ने अपनी सारी शक्ति इन चुनावों में झोंक दी है। भाजपा के नेता इन चुनावों में आरजकता का माहौल पैदा करने की कोशिश में है। भाजपा देश की अर्थव्यवस्था और रोजगार पर कोई बात नहीं करती। आज भी वह पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक और सेना के पराक्रम को अपना राजनैतिक हथियार बना कर देश के लोगों की भावना से खेल रही है।

राठौर ने नागरिकता संसोधन कानून और राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर जैसे मुद्दों पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा अपनी सोची समझी रणनीति के तहत देश को धर्म के नाम पर बांटने का पूरा प्रयास कर रही है।

# मांगों को लेकर प्रदेश में सरकारी बैंकों की 6500 शाखाएं रही बंद

शिमला, 31 जनवरी (जनसत्ता)।

वेतन में 20 फीसदी बढ़ोतरी समेत दर्जन भर मांगो को लेकर आज शुक्रवार को विभिन्न बैंकों के कर्मचारियों ने हड़ताल की। इसके चलते राजधानी समेत प्रदेश भर के तमाम सरकारी बैंकों की 6500 शाखाएं बंद रही और इनमें कामकाज पूरी तरह से ठप रहा। इस हड़ताल की वजह से प्रदेश में 120 करोड़ का नुकसान आंका गया है।



यूनाइटेड फोरम आफ बैंक यूनियन के बैनर तले बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों की नौ यूनियनों से जुड़े साढ़े नौ हजार से ज्यादा कर्मचारियों, अधिकारियों ने कामकाज ठप रखा। राजधानी शिमला और जिला मुख्यालयों में इन कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन भी किए और मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

अपनी मांगों को लेकर हड़ताली बैंक कर्मचारियों ने राजधानी में जिला उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना दिया और विरोध प्रदर्शन किया। हड़ताली बैंक कर्मचारी सुबह दस बजे से लेकर एक बजे तक धरने पर रहे और जमकर नारेबाजी करते रहे। यूनाइटेड फोरम आफ बैंक यूनियन के प्रदेश संयोजक गोपाल शर्मा ने इस मौके पर कहा कि केंद्र की मोदी सरकार उनकी मांगों की लगातार अनदेखी कर रही है। उनकी हड़ताल एक फरवरी तक जारी रहेगी। अगर उनकी जायज मांगों को नहीं मांना गया तो 11, 12 व 13 मार्च को दोबारा तीन दिन की हड़ताल की जाएगी। अगर तब भी उनकी मांगों पर गौर नहीं हुआ तो तमाम बैंक मचारी एक अप्रैल से अनिश्चित कालीन के लिए सड़कों पर उतर जाएंगे।

उन्होंने कहा कि वह एक अरसे से वेतन में 20 फीसदी की बढ़ोतरी, अधिकारियों के काम के घंटें तय करने समेत कई मांगें कर रहे हैं लेकिन मोदी सरकार इन्हें नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने कहा कि बैंक कर्मियों के पास अब आंदोलन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।

हिमाचल प्रदेश बैंक इंप्लाइज फेडरेशन के महासचिव प्रेम वर्मा ने कहा कि राजधानी ही नहीं प्रदेश के बाकी जिलों में भी सार्वजनिक बैंकों में कामकाज ठप रहा। उन्होंने कहा कि सरकार को उनकी जायज मांगों पर गौर करना चाहिए अन्यथा कर्मचारियों को मजबूरन सड़कों पर उतरना पड़ेगा।

# संक्षेप

## हादसे में बुजुर्ग की मौत, पांच घायल

**पांवटा साहिब:** पांवटा साहिब से शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज शुक्रवार को हुए एक सड़क हादसे में पांवटा निवासी 85 वर्षीय एक शख्स की मौत हो गई। जबकि पांच अन्य घायल हो गए, जिन्हें सिविल अस्पताल भर्ती करवाया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ जहां एक ट्रक और कार के बीच टक्कर हो गई। इसकी चपेट में आए पांवटा के बुजुर्ग की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सिविल अस्पताल भर्ती करवाया गया है। इनमें से गंभीर रूप से घायल लोगों को हायर सेंटर रेफर किया गया। वहीं मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

## लापता दूसरे बच्चे का भी मिला शव

**धर्मशाला:** फतेहपुर पुलिस ने ठेहड़ पंचायत के घंडीरी गांव से लापता हुए दूसरे नाबालिग बच्चे अभिषेक का शव भी आज शुक्रवार को इंदौरा इलाके के गदराणा के जंगल से बरामद कर लिया है। इससे पहले पुलिस ने बीते रोज गुरुवार को एक बच्चे रमन कुमार का यहीं से शव बरामद किया था। याद रहे घंडीरी निवासी रमेश का 11 साल का बेटा रमन कुमार और जोगिंद्र सिंह का बेटा अभिषेक 26 जनवरी को छुट्टी के रोज घर से खेतों से घास लेने निकले थे लेकिन यह दोनो अचानक लापता हो गए।

## चिट्टे समेत युवक दबोचा

**मंडी:** पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने एक युवक को सुंदरनगर के एक होटल से चिट्टे के साथ धर दबोचा है। पुलिस अधीक्षक मंडी गुरदेव चंद ठाकुर ने बताया कि मुख्य आरक्षी संजीव कुमार अन्वेषणाधिकारी पुलिस थाना सुंदरनगर के रूका पर यह मामला पंजीकृत हुआ है जिसके अनुसार जब वह अन्य पुलिस कर्मचारियों के साथ गशत पर था तो लक्ष्मी ढावा गेस्ट हाउस की तलाशी लेने पर वहां एक कमरे में ठहरे सुंदरनगर के जड़ोल के बोबर निवासी राहुल ठाकुर पास से 6.25 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि राहुल ठाकुर को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे कड़ी पूछताछ की जा रही है।

## महिलाओं के खाते से उड़ाए 28 हजार

**धर्मशाला:** साइबर शातिर ने कांगड़ा जिले के उपमंडल नूरपुर विकास खंड की जौंटा और नागनी पंचायत की दो महिलाओं के बैंक खातों से 28 हजार उड़ा लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक पैसे उड़ाने से पहले इन ठगों ने खुद को स्वास्थ्य विभाग का उच्चाधिकारी बताकर पहले इस क्षेत्र में जनवरी में प्रसूति महिलाओं की जानकारी मांगी और बाद में शिमला से डॉ. दीपक बोल कर पहले मामले में जौंटा की महिला से कहा की सरकार की ओर से प्रसूति लाभार्थी योजना की राशि नही मिली है तो उसके व्हाट्स एप नंबर पर बैंक खाता नंबर, एटीएम की दोनों तरफ की फोटो कॉपियां तत्काल भेजें। ऐसा करने पर शातिर ने पीड़िता के खाते से 24 हजार की राशि उड़ा ली। इसी तरह दूसरे मामले में नागनी पंचायत के रिन्ना गांव कि प्रसूता महिला के भी 4 हजार उड़ा लिए।

## मुख्यमंत्री करेंगे विमोचन

**मंडी:** मंडी अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के आयोजन से जुड़ी सारी प्रक्रिया लिपिबद्ध की जा रही है। जिसमें महोत्सव के आयोजन का संपूर्ण ब्यौरा क्रमवार लिखा रहेगा। ये 'मार्गदर्शिका' आयोजकों के लिए एक संदर्भ पुस्तक के तौर पर उपयोगी होगी। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी श्रवण मांटा ने यह जानकारी यहां देवता उप समिति की बैठक के उपरांत दी। बैठक में मंडी अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव 2020 के सफल आयोजन के साथ साथ 'मार्गदर्शिका' प्रकाशन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

# बंजार के पुराने बस अड्डे पर पसरा कीचड़

कुल्लू, 31 जनवरी (जनसत्ता)।

बंजार के पुराने बस अड्डे में कई दिनों से नालियों का गंदा पानी आने से चारों और कीचड़-ही-कीचड़ पसरा पड़ा है। इसके कारण आम लोगों समेत स्कूल के छात्र-छात्राओं का यहां से गुजरना मुश्किल हो गया है।

पुराने बस अड्डे में बीच बाजार में बड़े-बड़े गड्ढे पड़ गए हैं जिसमें बाजार का गंदा पानी भर रहा। इन गड्ढों में पानी भरने के कारण बाजार में चलने वाले आम लोगों और स्कूल के छात्रों को चलना मुश्किल हो गया है। वाहनों की आवाजाही से गड्ढों और बीच सड़क पर कीचड़ और पानी होने के कारण लोगों के कपड़ों पर गंदा पानी और कीचड़ से खराब हो रहे हैं। कई बार लोग इस कीचड़ में फिसलने से चोटिल भी हो रहे हैं।

ग्रामीण भोला दत समेत अनेक लोगों का कहना है कि न तो इस ओर नगर पंचायत बंजार ध्यान दे रही है और न ही एनएच 305 के अधिकारी और कर्मचारी यहां पर कोई कार्य कर रहे हैं। इन सभी लोगों का कहना है कि एनएच 305 का सब डिवीजन का कार्यालय बंजार के पुराने बस अड्डे के पास ही और यहीं से ही एनएच के अधिकारियों और कर्मचारियों का प्रतिदिन आना जाना रहता है फिर भी इसे अनदेखा किया जा रहा है। लोगों की मांग है कि बंजार बाजार की नालियों की सफाई करके और सड़क पर पड़े गड्ढों को भरा जाए ताकि आम लोगों को प्रतिदिन होने वाली इस समस्या से निजात मिल सके।



उधर इस मामले को लेकर जब एनएच 305 के सहायक अभियंता उपमंडल बंजार टैहल सिंह से बत की गई तो उन्होंने कहा कि भारी ठंड के कारण पैच वर्क नहीं हो सकता है इसलिए गड्ढों को पत्थरों और बजरी से फिलहाल भर दिया जाएगा। ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

# सरकारी आदेशों की सरेआम हो रही अवहेलना : सांख्यान

बिलासपुर, 31 जनवरी (जनसत्ता)।

'सरकार ने बेशक स्कूलों में वार्षिक परीक्षाओं के मद्देनजर सालाना समारोहों पर रोक लगा दी है, लेकिन राजनेता नहीं मानने वाले।' यह कहना है कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एवं महासचिव संदीप सांख्यान का। सांख्यान ने कहा कि प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं बची है। इसका जीता जागता उद्हारण है 30 जनवरी को राजकीय वरिष्ठ पाठशाला रघुनाथपुरा में वार्षिकोत्सव मनाया जाना।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में सदर विधायक बिलासपुर बतौर मुख्य अतिथि अपनी राजनीति भी लगे हाथ चमका आए। इसी तरह का कार्यक्रम घुमारवीं के हटवाड़ एवं झंडूता चुनाव क्षेत्र के समोह स्कूल में भी आयोजित हुए जिसमें स्थानीय विधायकों ने शिरकत की।

सांख्यान ने कहा कि इतना ही नहीं अब एक फरवरी को राजकीय वरिष्ठ पाठशाला छड़ोल में भी वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बतौर मुख्यातिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रणधीर शर्मा होंगे। उन्होंने कहा कि यह तो समझ में नहीं आ रहा कि जब प्रदेश सरकार इस तरह की अधिसूचना जारी करती है तो पढ़ाई के दिनों में इस तरह के वार्षिकोत्सव क्यों मनाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह समय प्रदेश के स्कूलों में बच्चों और अभिभावकों के लिए पढ़ाई के हिसाब से कड़ी मेहनत करने ओर करवाने का होता है। वहीं प्रदेश सरकार के मंत्री, विधायक और भाजपा नेता स्कूलों में अपनी राजनैतिक रोटियां सेकने के लिए पढ़ाई के दिनों में वार्षिकोत्सवों का सहारा क्यों ले रहे हैं। सांख्यान ने कहा कि इस कोताही के लिये प्रदेश के शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव एवं शिक्षा विभाग के निदेशक एवं उप निदेशकों को कड़ा संज्ञा लेना चाहिए।

# रोहडू से लापता शुभम के लिए विशेष तलाशी अभियान छेड़ेगी जिला पुलिस

शिमला, 31 जनवरी (जनसत्ता)।

रोहडू से पिछले दो महीनों से भी ज्यादा समय से लापता 19 साल के शुभम की तलाश के लिए जिला पुलिस ने दो फरवरी से विशेष तलाशी अभियान छेड़ने का फैसला लिया है।

इस अभियान में स्थानीय लोगों के अलावा पंडोह से राज्य आपदा बल की टुकड़ी के अलावा सौ पुलिस जवान शामिल होंगे। एसपी शिमला ओमापति जम्वाल ने कहा कि इस तलाशी अभियान की कमान पांच अधिकारियों के हाथों में होगी और वह अलग-अलग तलाशी टुकड़ियों की कमान संभालेंगे। उन्होंने स्थानीय लोगों से आह्वान किया है कि जो भी व्यक्ति इस तलाशी अभियान में शामिल होना चाहता है वह पुलिस से संपर्क कर सकता है। 31 नवंबर 19 को लापता हो गए शुभम की तलाश में पुलिस व स्थानीय लोग तभी से लगे हुए है। शुभम के परिजनों ने पुलिस पर इस मामले को गंभीरता से न लेने का इल्जाम लगाा है व मामले को सीबीआइ के सुपुर्द करने की मांग की है। लेकिन सीबीआइ जांच को लेकर अभी कुछ भी नहीं हुआ है।

# पेंशन की आस लिए स्वतंत्रता सेनानी उधो राम की पत्नी का निकला दम

धर्मशाला, 31 जनवरी (जनसत्ता)।

पेंशन की आस लिए चंबा जिले के भटियात उपमंडल के तहत बिन्ना पंचायत के दिवंगत स्वतंत्रता सेनानी उधो राम की 116 साल की पत्नी बलितो देवी अनंतलोक लोक के लिए भी निकल गई। शुक्रवार को सैनिक कल्याण बोर्ड ने इस वीर नारी के अंतिम संस्कार मौके पर पहुंचना भी मुनासिब नही समझा।

बलितो का गुरुवार शाम को निधन हो गया था। बलितो को मिलने वाली पेंशन सितंबर 2015 में बंद हो गई थी। सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पर भी पेंशन बहाल नहीं हो पाई। चंबा की तहसील कल्याण अधिकारी सुरेशना महाजन ने पेंशन के इस मामले को सामाजिक कल्याण विभाग की बजाय सैनिक कल्याण बोर्ड से जुड़ा बताया तो दूसरी ओर सैनिक कल्याण बोर्ड ने इसकी कोई जानकारी न होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया।

# चंबा की प्रीणा पंचायत में लिल्ह खड्ड पार करना टेढ़ी खीर

## पौना दर्जन गांवों के लोग जान हथेली पर रखकर पार कर रहें है उफनती खड्ड

सुभाष मेहरा
धर्मशाला, 31 जनवरी।

चंबा जिले के मैहला विकास खंड की प्रीणा पंचायत के पौना दर्जन गांवों के सैंकड़ों लोगों के लिए पुल के अभाव में लिल्ह खड्ड पर करना टेढ़ी खीर बन चुकी है। आलम यह है कि पंचायत के रैणा, अन्रेहर, राव, गाण, डांगू, छतकड़, सकरैणा, डगेड और हंडोर गांवों के स्कूली बच्चों और कॉलेज के छात्रों को मजबूरी में रोज इस उफनती खड्ड को पार करना पड़ता है। लेकिन इसके बावजूद पुल का निर्माण करने के लिए न तो प्रशासन और न ही सरकार दिलचस्पी दिखा रही है।

लेकिन सरकारी बेरूखी के चलते ग्रामीणों ने जुगाड़ कर टूटे हुए पेड़ों को रखकर खड्ड पार करने का जरिया बना लिया है। इलाके के सामाजिक कार्यकर्ता अनूप कुमार और शिव कुमार का कहना है कि कई बार स्कूली बच्चे खड्ड में गिरने से बाल-बाल बचे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार ग्रामीण विकास के लिए हर साल करोड़ों का बजट खर्च कर रही है। लेकिन कई बार इस समस्या को उठाने के बाद भी प्रीणा पंचायत के लोगों को आज तक प्रशासन से खोखले वादे ही मिले हैं।



इन लोगों का कहना है कि सरकारी अनदेखी के कारण पंचायत के यह गांव अभी भी सड़क सुविधा से नहीं जुड़ पाये हैं। नतीजतन जब खड्ड में अधिक पानी होता है तो बच्चों को लिल्ह में अपने रिश्तेदारों के घर पर ही रात काटनी पड़ती है। जिससे बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

वहीं प्रीणा पंचायत की सरपंच बीना देवी बताती हैं पुल निर्माण लागत राशि ज्यादा होने के कारण जब इसका निर्माण कार्य संभव नही हो पाया तो उपायुक्त ने इसे मनरेगा के तहत बनाने का भरोसा दिया है।

'मनरेगा के तहत लिल्ह खड्ड पर पुल निर्माण के आदेश पंचायत सचिव को दिए गए हैं। अगर पुल का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है तो अगले प्रस्ताव में सभी पुलों का प्रस्ताव डाला जाएगा और पांच- पांच लाख की लागत से पंचायत के सभी पुलों का निर्माण किया जाएगा।'
**किशन ठाकुर**
बीडीओ, मैहला विकास खंड


**हिसार मेटल इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय: नियर इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉलोनी, दिल्ली रोड, हिसार-125005 (हरियाणा)
ईमेल: info@hisarmetal.com, वेबसाइट: www.hisarmetal.com
फोन: (01662) 220067, 220367, 220738, फैक्स: (01662) 220265
सीआईएन: L74899HR1990PLC030937
**सूचना**
एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी (सूचीयन अनिवार्यताएँ एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियमावली, 2015 के विनियम 47 के साथ पठित विनियम 29 के अनुसार, अन्य बातों के साथ-साथ, 31 दिसम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार और स्वीकृत करने हेतु कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक मंगलवार, 11 फरवरी, 2020 को आयोजित की जाएगी।
यह जानकारी कंपनी की वेबसाइट www.hisarmetal.com और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट www.bseindia.com और www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।
कृते हिसार मेटल इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता/-
(विशेष कुमार चुघ)
कंपनी सचिव
स्थान: हिसार (हरियाणा)
दिनांक: 31 जनवरी, 2020

**फॉर्म आईएनसी-26**
(कंपनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के अनुपालन में)
कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के एक राज्य से दूसरे राज्य में परिवर्तन के लिए समाचार पत्र में प्रकाशन के लिए विज्ञापन।
केन्द्र सरकार (क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र) के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा (4) और कंपनी के (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के खंड (क) के मामले में
तथा
**क्लीयरडील कंस्लटेंटस प्राइवेट लिमिटेड**
जिसका पंजीकृत कार्यालय: "#1360, बेसमेंट सेक्टर 40-बी चंडीगढ-160036" के मामले में
...आवेदक कंपनी
एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 13 के अंतर्गत यह कंपनी केंद्र सरकार, द्वारा अधिकार प्राप्त क्षेत्रीय निदेशक को आवेदन करने का प्रस्ताव करती है जो कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन के परिवर्तन की पुष्टि करती है, जिसके तहत **24.12.2019** को असाधारण आम सभा आयोजित की गई ताकि कंपनी अपने पंजीकृत कार्यालय को **'केन्द्र शासित क्षेत्र चंडीगढ़'** से **'उत्तर प्रदेश राज्य'** में स्थानांतरित करने में सक्षम बन सके।
कोई व्यक्ति जिसका हित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, वह अपने **हित के स्वरूप तथा विरोध के आधार के उल्लेखकारी शपथ-पत्र भरकर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in)** पर सुपुर्द कर सकता है अथवा क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, बी-2, विंग, दूसरा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ परिसर, नई दिल्ली-110003 के पते पर इस सूचना प्रकाशन की तारीख के चौदह (14) दिनों भीतर सुपुर्द कर सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक से भेज सकते हैं। साथ ही इसकी एक प्रति कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के निम्नलिखित पते पर भी भेजनी होगी:
**पंजीकृत कार्यालय:** "# 1360, बेसमेंट सेक्टर 40-बी चंडीगढ़-160036"
उनके लिए और उनकी ओर से
**क्लीयरडील कंस्लटेंटस प्राइवेट लिमिटेड**
दिनेश गुप्ता
(निदेशक)
डीआइएन: 08074781
दिनांक: 1.2.2020
स्थान: चंडीगढ़

**स्टाइलम इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
सीआईएन: L20211CH1991PLC011732
पंजी. कार्यालय: एससीओ-14, सेक्टर-7-सी, मध्य मार्ग, चंडीगढ़-160019
दूरभाष: 0172-5021555, 5021666, फैक्स: 0172-5021495
ई-मेल: info@stylam.com, वेब: http//www.stylam.com
शेयर प्रमाणपत्रों के खोने की सूचना
एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित इक्विटी शेयर प्रमाणपत्रों को खोने/गायब होने का प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है और शेयर प्रमाणपत्रों के पंजीकृत धारकों तथा उनके उत्तराधिकारियों ने कम्पनी के पास डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र(त्रों) के निर्गमन हेतु कम्पनी के पास आवेदन किया है।

| क्रम सं. | फोलियो सं. | नाम | शेयर | विशिष्ट संख्या | शेयर प्रमाणपत्र संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 0002776 | गायत्री | 900 | 6909501-6910400 | 46550-46558 |

कोई भी व्यक्ति जो कथित प्रमाणपत्र(त्रों) के सम्बन्ध में कोई दावा करता है उसे हमसे निम्नलिखित पते पर इस सूचना की प्रकाशन की तिथि के 15 दिनों के भीतर लिखित में दावा करना होगा। इसके पश्चात कम्पनी कथित प्रमाणपत्र(त्रों) के सम्बन्ध में कोई दावा स्वीकार नहीं करेगी और कम्पनी (शेयर प्रमाणपत्र निर्गमन) नियम 1960 के नियम 4(3) के अनुसार डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र(त्रों) के निर्गमन की कार्यवाही प्रारम्भ कर देगी।
कृते स्टाइलम इण्डस्ट्रीज लिमिटेड
ह./-
(कम्पनी सचिव)
स्थान: चण्डीगढ़
दिनांक: 31.01.2020

**HIMACHAL PARDESH PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
Tel. No. 01795222199, E-mail: ee-nal-hp@nic.in
**INVITATION FOR BIDS (IFB)**
The Executive Engineer HPPWD Nalagarh, Distt. Solan HP on behalf of Governor of HP invites the Item rate bids, in electronic tendering system from the eligible class of contractors registered with HP PWD for the works as detailed in the table.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Cost (Rs.) | Starting Date for Downloading Bid | Earnest Money | Deadline for Submission of Bid | Time |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Shed at Govt Degree College at Ramshehar Tehsil Ramshehar Distric Solan (H.P.) | 623554 | 05.02.2020 at 3.00 P.M. | 12470 | 19.02.2020 upto 10.30 A.M. | Six Months |

The bidders are advised to note other details of Tenders from the department website www.hptenders.gov.in.
Executive Engineer, Nalagarh B&R Division,
HP PWD. Nalagar Distt. Solan HP.
On behalf Governor of Himachal Pradesh
Tel/Fax- 01795-222199, E-mail: ee-nal-hp@nic.in
4413/HP